अब यूरोप और मिडिल ईस्ट तक महकेगा कन्नौज का इत्र

चर्चा में क्यों?

6 सितंबर, 2022 को उत्तर प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि एक ज़िला एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के तहत कन्नौज के इत्र को वैश्विक बाज़ार में स्थापित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार अगले साल फरवरी में पहली बार इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल की मेज़बानी करेगी, जिसमें इत्र उद्योग में अग्रणी फ्राँस समेत यूरोप और मिडिल ईस्ट समेत तमाम अग्रणी देशों के प्रतिनिधिमंडल को आमंत्रित किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल में विभिन्न देशों के आगंतुकों को कन्नौज के इत्र के निर्माण की प्रक्रिया, इसमें इस्तेमाल होने वाले मूल इनग्रेडिएंट्स समेत अन्य खूबियों से परिचित कराया जाएगा।
- यह फेस्टिवल कन्नौज के इत्र निर्माताओं और उद्यमियों को विदेशी कंपनियों के साथ व्यापार के लिये मंच उपलब्ध कराएगा। इसके ज़रिये कन्नौज के इत्र कारोबारियों को भी अपने उत्पादों को विदेशी खरीदारों के सामने प्रदर्शित करने व वैश्विक व्यापार की संभावनाओं को टटोलने का मौका मिलेगा।
- जानकारी के मुताबिक, इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल के लिये विदेशी प्रतिनिधिमंडल को लाने की ज़िम्मेदारी कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) की होगी।
- इस आयोजन के तहत लखनऊ में एक दिन का कार्यक्रम होगा, जिसमें विभिन्न सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सभी विदेशी मेहमानों को कन्नौज ले जाया जाएगा। यहाँ उन्हें इत्र के उद्यमियों, इत्र निर्माताओं व निर्यातकों से मिलने का मौका मिलेगा।
- इंटरनेशनल इत्र फेस्टिवल में दुनिया भर के उन देशों के प्रतिनिधि शिरकत करेंगे, जो इत्र, परफ्यूम से जुड़े उद्योगों से संबंधित हैं। इनमें निर्माता, उद्यमी और विक्रेता सभी शामिल होंगे। खासतौर पर यूरोपीय देश फ्राँस, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड जैसे देशों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा दुबई समेत मिडिल ईस्ट के भी कई देश इसमें हिस्सा लेंगे। इन सभी देशों में फ्राँस सबसे अहम है, क्योंकि उसे परफ्यूम इंडस्ट्री में अग्रणी माना जाता है।
- गौरतलब है कि पूरी दुनिया में कन्नौज के इत्र की चर्चा होती है। कन्नौज के इत्र की सबसे खास बात ये है कि यहाँ इत्र के निर्माण में एसेंसियल ऑयल का इस्तेमाल होता है। यह पूरी तरह ऑर्गेनिक होता है और इसके उपयोगकर्त्ता को किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट या नुकसान नहीं होता। वहीं, ज़्यादातर देशों में इत्र या परफ्यूम के निर्माण में एल्कोहल का अधिकाधिक इस्तेमाल होता है। धीरे-धीरे दुनिया का मार्केट एसेंसियल ऑयल की ओर जा रहा है। ऐसे में ये देश भारत की ओर देख रहे हैं।
- इस फेस्टिवल में आने वाले विदेशी मेहमानों को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर बन रहे इत्र पार्क में भी ले जाया जाएगा। कन्नौज में राज्य सरकार 57 एकड़ के क्षेत्र में इत्र पार्क का निर्माण कर रही है। इसके पहले चरण का उद्घाटन इसी साल नवंबर के अंत तक होने की संभावना है। पहले चरण में 30 एकड़ पर निर्माण होगा, जबकि दूसरे चरण में बाकी 27 एकड़ पर पार्क का निर्माण किया जाएगा।
- इत्र पार्क में कन्नौज के छोटे इत्र कारोबारियों को प्लॉट उपलब्ध कराए जाएंगे, जहाँ वो अपने उत्पादों को बड़े स्तर पर प्रदर्शित कर पाएंगे। इस इत्र पार्क के ज़रिये सरकार का उद्देश्य छोटे स्तर पर घरों से या दुकानों से इत्र का काम कर रहे लोगों को एडवांस मशीनरी के साथ सामान्य सुविधाएँ उपलब्ध कराना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/kannauj-perfume